<u>रेडियो मधुबन ९०.४ एफ.एम पर राजस्थान के सामुदायिक रेडियो प्रसारणकर्ताओं की कार्यशाला का हुआ सफल आयोजन</u>

यूनिसेफ राजस्थान, वागड़ रेडियो, बांसवाड़ा और माउंट आबू के सामुदायिक रेडियो केंद्र रेडियो मधुबन ९०.४ एफ.एम. के संयुक्त तत्वावधान में राजस्थान के सभी कार्यरत सामुदायिक रेडियो प्रसारणकर्ताओं की एक कार्यशाला का आयोजन ब्रह्माकुमारीज शांतिवन में किया गया |इस कार्यशाला का मुख्य विषय राजस्थान के सभी सामुदायिक रेडियो की कार्यप्रणाली का अध्ययन, प्रयासों का एकीकरण और कार्यक्रम का आदान प्रदान था |

जिसमे प्रमुख राजस्थान बांसवाड़ा से वागड़ रेडियो, टोंक से आपणो रेडियो वनस्थली, अजमेर से रेडियो तिलोनिया और सिरोही से रेडियो मधुबन के प्रसारणकर्ताओं ने भाग लिया |

कार्यक्रम के शुभारंभ में रेडियो मधुबन के केंद्र प्रभारी श्री यशवंत पाटिल जी ने सभी का स्वागत किया |कार्यक्रम का उद्घाटन करते हूए आबू रोड, **सी.डी.पी.ओ. श्री नितिन गहलोत जी** ने ऐसे कार्यक्रम के आयोजन के लिए सभी को बधाई दी एवं राजस्थान में पोषण से सबंधित विषयों पर प्रकाश डाला |उन्होने सभी रेडियो संवाददाताओं के सवालों का उचित उत्तर भी दिया और भविष्य मे ऐसे कार्यक्रम के निर्माण में अपना पूरा सहयोग देने के बात कही|

उदयपुर से पधारे हूए प्राकृतिक संसाधन और पोषण विशेषज्ञ दीपक शर्मा जी ने विषय का आरंभ करते हूए इस कार्यशाला का उद्देश्य बताने के साथ साथ पोषण संबंधित परंपरागत ज्ञान के इस्तेमाल और प्रसार करने पर ज़ोर डाला |

कार्यक्रम में वागड़ रेडियो से पधारे हूए छाया जी ने राजस्थान में सामुदायिक रेडियो के एक मंच की आवश्यकता के बारे में अपनी राय रखी तो तिलोनिया से आई हूई आरती जी ने कार्यक्रम आदान प्रदान की संभावनाओं के बारे में अपने विचारों को सबके सामने रक्खा| आपणो रेडियो वनस्थली के ज़फर ख़ान जी ने भविष्य में सामुदायिक रेडियो के आपसी सहयोग करने हेतु कई महत्वपूर्ण बिंदु सबके सामने प्रस्तुत किया |

कार्यशाला के अंत में सर्व सहमति से "राजस्थान री आवाज़" नाम के कार्यक्रम का भी सृजन किया और इसके अंतर्गत हर सप्ताह एक घंटे के लिए एक दूसरे के कार्यक्रमों के प्रसारण करने का संकल्प लिया | रेडियो मधुबन की आर.जे. उषा जी और आर.जे. आरुशी ने एक त्वरित गीत का निर्माण किया जिसे इस कार्यक्रम का थीम गीत बनाया गया |

कार्यक्रम में अन्य महत्वपूर्ण उपस्थितियों में वागड से आर.जे जागृति, तिलोनिया से प्रसारणकर्ता गीता जी, रेडियो मधुबन से प्रोग्राम हेड कृष्णावेणी, आर.जे. शुभश्री, आर.जे. पवित्र, आदिवासी जागरूक युवा संगठन के श्री विनोद कुमार आदि प्रमुख रहे |कार्यक्रम के अंत में वागड रेडियो के ओर से सभी को इस आयोजन को सफल बनाए हेतु धन्यवाद किया गया |